तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 20 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

साहू संघ चुनाव का विवाद नहीं सुलझा: साहू भवन पर... 12



एसडीओपी ने नवागढ़ थाना व संबलपुर चौकी का ... 12



छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि 24/04/2026 (संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# गांव-गांव में सजी पुतरी-पुतरा की बारात, अक्ती तिहार की धूम

## मिट्टी के गुड्डा-गुड़िया विवाह से जीवंत हुई छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

शहर सहित ग्रामीण अंचलों में अक्षय तृतीया (अक्ती) का पर्व इस बार भी परंपरा, उल्लास और बाल सृजनात्मकता के साथ मनाया गया। गांव-गांव में बच्चों ने मिट्टी के गुड्डा-गुड़िया यानी पुतरा-पुतरी का विवाह रचाकर लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। अक्ती के अवसर पर बच्चों द्वारा गुड्डा-गुड़िया का विवाह करना केवल एक खेल नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक परंपरा है। बच्चे अपने हाथों से मिट्टी के पुतलों को सजाते हैं, उन्हें हल्दी-तेल चढ़ाते हैं, मौर-मुकुट पहनाते हैं और पूरी शादी की रस्में निभाते हैं। कहीं बारात निकाली गई तो कहीं घर-आंगन में मंडप सजाकर विधिवत विवाह संपन्न कराया गया।

इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों की टोली पूरे उत्साह के साथ ढोल-नगाड़ों की धुन पर बारात लेकर निकलती नजर आई। विवाह में गांव के अन्य बच्चों और परिवारों को भी आमंत्रित किया गया, जहां पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भोजन और मनोरंजन का आयोजन हुआ। गुड्डा-गुड़िया विवाह की यह परंपरा बच्चों को खेल-खेल में सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों से परिचित कराती है। साथ ही यह कृषि जीवन से भी जुड़ी हुई है, जहां अक्ती के दिन "माटी पूजन" कर नई फसल की तैयारी का संकेत दिया जाता है।

### ग्रामीण बाजारों में दिखी रौनक

अक्ती के मौके पर गांवों के साप्ताहिक बाजारों में मिट्टी के आकर्षक गुड्डा-गुड़िया, मटका, मोर और रंग-बिरंगी चुनरियों की दुकानें सजी रहीं। 50 से 150 रुपये तक की कीमत में उपलब्ध इन वस्तुओं की खूब खरीदारी हुई, जिससे स्थानीय कारीगरों को भी रोजगार मिला।



### आस्था और परंपरा का संगम

सनातन परंपरा में अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है। जहां देशभर में इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है, वहीं छत्तीसगढ़ में इसे "अक्ती" के रूप में मनाते हुए पुतरा-पुतरी विवाह की अनोखी परंपरा निभाई जाती है। इस तरह अक्ति तिहार न केवल बच्चों के लिए आनंद और उत्सव का अवसर बनता है, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और कृषि परंपरा को भी नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बन रहा है।

## खबर संक्षेप

### युवा मोर्चा में नई जिम्मेदारी: नारद यादव बने जिला प्रशिक्षण सह प्रमुख

**बेमेतरा।** सरदा निवासी नारद यादव को भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला बेमेतरा में प्रशिक्षण सह प्रमुख नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है और पार्टी कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों द्वारा उन्हें लगातार बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। नवनियुक्त पदाधिकारी नारद यादव ने इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकारहा, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू तथा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय वर्मा सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति कृतज्ञता जताई। यादव ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का वे पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस नियुक्ति को लेकर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और इसे संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



### भाजपा महिला मोर्चा ने मंडल अध्यक्षों की घोषणा नए लोगों को मौका

**बेमेतरा।** लंबे समय से प्रतीक्षित भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई,प्रदेश नेतृत्व के किरण सिंह देव एवं विभा अवस्थी निर्देश एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू की सहमति से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी द्वारा जारी सूची में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष के तौर पर बेमेतरा शहर ममता साहू,बेमेतरा ग्रामीण लक्ष्मी साहू,बेरला शैलन्द्री वर्मा, भिंभौरी रेखा पोषण सिन्हा (ग्राम हसदा),सरदा कल्याणी साहू, देवरबीजा नीता साहू, नवागढ़ नीलू कुशवाहा,मारो सावित्री साहू,खण्डसरा – पिंकी जायसवाल, बालसमुंद दशमती साहू, थानखम्हरिया रेखा शर्मा, साजा इंद्राणी सिन्हा,परपोड़ी मनीता साहू बनाई गई है। जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा निर्वाणी ने नवनिर्वाचित महिला मंडल के अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते देते हुए कहा अब बेमेतरा में महिला मोर्चा निर्णायक शक्ति बनकर उभरेगा।

## दुरुपयोग : भिम्भौरी में चेंजिंग रूम में बिजली न पंखा, शौचालय बना कबाड़घर

# खेलो इंडिया फंड पर सवाल: 3 लाख 99 हजार खर्च, फिर भी खिलाड़ी बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/बेरला

शासन-प्रशासन भले ही ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से लाखों रुपये पानी की तरह बहा रहा है। लेकिन धरातल पर जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। ताजा मामला बेमेतरा जिले के बेरला विकासखण्ड अंतर्गत नगर पंचायत भिम्भौरी का है, जहां आनन्दगांव मार्ग पर स्थित हाईस्कूल के करीब स्थानीय खिलाड़ियों की सुविधाओं के लिए आई करीब 3.99 लाख रुपये की राशि जिम्मेदारों की लापरवाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है, जिससे स्थानीय युवा खिलाड़ियों व खेलप्रेमियों के मन निराशा देखने को मिल रही है। जो काफी चिंता का विषय है। जानकारी के मुताबिक विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला खेल विभाग के माध्यम से तत्कालीन सरपंच ग्राम पंचायत बोरिया को कार्य एजेंसी बनाकर यहाँ विभिन्न निर्माण कार्य कराए गए थे। इसमें 2.20 लाख रुपये की लागत से चेंजिंग रूम, 95 हजार रुपये में शौचालय और 84 हजार रुपये समतलीकरण के लिए खर्च किए गए। लेकिन निर्माण के दो साल के भीतर ही यह प्रोजेक्ट अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। चेंजिंग रूम में न तो पंखे लगाए गए हैं और न ही कमरे के अंदर ज़रा बिजली-लाइट की व्यवस्था है।

■ प्यासे खिलाड़ियों को खुद लाना पड़ रहा पानी

दरअसल स्थानीय खेलप्रेमियों और युवाओं में इस उपेक्षा को लेकर भारी आक्रोश है। आरोप है कि जिला खेल विभाग और निर्माण एजेंसी ने अपने निजी स्वार्थ के लिए खेल बजट का दुरुपयोग किया है। सूत्र बताते हैं कि जिले के अन्य गांवों में भी खेल मद से हुए कार्यों की स्थिति ऐसी ही है। अब देखना यह है कि क्या जिला प्रशासन इन अनियमितताओं पर संज्ञान लेकर दोषियों पर कार्रवाई करेगा या भविष्य के सितारे ऐसे ही अभावों के अंधेरे में प्रैक्टिस करने को मजबूर रहेंगे। इस सम्बंध में बेमेतरा सहायक ज़िला खेल अधिकारी उपेन्द्र सेंगर से संपर्क करने का प्रयास किया गया। किन्तु उनके द्वारा कोई प्रतिक्रिया नही दी गयी।




### शौचालय बना कबाड़खाना पानी की बूंद को तरसते खिलाड़ी

फिलहाल हैरानी की बात यह है कि खिलाड़ियों की सुविधा के लिए बना शौचालय आज कबाड़खाने में तब्दील हो चुका है। यहाँ टॉयलेट की जगह स्पोर्ट्स सामग्रियों को कूड़े की तरह ठूंसकर रखा गया है। मैदान में पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण खिलाड़ियों को घर से पानी की बोतलें लानी पड़ती हैं। उमस और थकान होने पर पंखा न होने के कारण खिलाड़ियों को बाहर जमीन पर बैठकर आराम करना पड़ता है।

### अंधेरे के साये में भविष्य गढ़ने की मजबूरी

भिम्भौरी क्षेत्र खेल के लिहाज से जिले का अत्यंत महत्वपूर्ण केंद्र है। यहाँ के युवा हर साल पुलिस सेवा और सेना (आर्मी) में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। इसके बावजूद शासन द्वारा दी गई सुविधाओं का यह हाल है कि मैदान में प्रकाश (लाइटिंग) की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। शाम ढलते ही मैदान पर्याप्त रोशनी न होने से काफी परेशानी हो है। देखा जाए तो सीमित संसाधनों व उपकरणों के बीच खिलाड़ियों को जोखिम उठाकर अंधेरे में ही रिहर्सल करना पड़ता है।

# सड़क किनारे बायो मेडिकल वेस्ट का ढेर, प्रशासन की अनदेखी से खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में खतरनाक बायो मेडिकल वेस्ट खुले में फेंके जाने का मामला सामने आया है, जो अब जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। जानकारी के अनुसार बिना उचित प्रबंधन और डिस्पोजल के सुई, सिरिंज, वायल, बोतल सहित अन्य मेडिकल कचरा सड़कों के किनारे फेंका जा रहा है। ताजा मामला नगर मुख्यालय साजा से लगे ग्राम डोंगीतराई का है, जहां जनपद कार्यालय मार्ग पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के पास बड़ी मात्रा में मेडिकल वेस्ट बिखरा हुआ देखा गया। यहां निडिल, सुई, सिरिंज और अन्य हानिकारक सामग्री खुले में पड़ी है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। सड़क किनारे पड़े इस कचरे के कारण चारा खाने वाले पशुओं के मुंह में सुई चुभने की आशंका बनी हुई है। वहीं आसपास रहने वाले बच्चों के संपर्क में आने से संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। उक्त मार्ग पर शासकीय क्वार्टर, जनपद कार्यालय सहित कई सरकारी दफ्तर स्थित हैं, जहां अधिकारियों और कर्मचारियों की लगातार आवाजाही रहती है। इसके बावजूद इस गंभीर समस्या पर किसी का ध्यान न जाना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है।

■ पशु व बच्चों के लिए गंभीर जोखिम, कार्रवाई की मांग तेज



### नियमों के बावजूद हो रहा उल्लंघन

बायो मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निपटान के लिए शासन द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश और कड़े प्रावधान निर्धारित किए गए हैं। इसके उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान है। इसके बावजूद जिलेभर में बिना अनुमति संचालित झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा इस तरह की लापरवाही लगातार की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, साथ ही बायो मेडिकल वेस्ट के उचित प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# भाजयुमो में ओमेश्वरी साहू को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) जिला बेमेतरा की नवगठित जिला कार्यकारिणी में शहर की सक्रिय युवा नेत्री ओमेश्वरी साहू को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी इस नियुक्ति से भाजयुमो कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष ओमेश्वरी साहू ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं संगठन पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जवाबदेही भी है, जिसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगी। उन्होंने कहा मैं भारतीय जनता पार्टी और भारतीय जनता युवा मोर्चा के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताते हुए मुझे यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मैं विश्वास दिलाती हूं कि संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, युवाओं को पार्टी से जोड़ने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए पूरी मेहनत और समर्पण के साथ कार्य करूंगी। भाजपा की नीतियों और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही मेरी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही देश और प्रदेश का भविष्य मजबूत होगा और भाजयुमो इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने भी भरोसा जताया कि ओमेश्वरी साहू के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।



■ संगठन को और मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से करूंगी काम : ओमेश्वरी




## वैदिक विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना, प्रवचनों में धर्म, पराक्रम और समरसता का संदेश

# धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम जयंती, मंदिर परिसर में गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/थान खमरिया

स्थानीय राधाकृष्ण जमात मंदिर में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना वैदिक रीति-विधान से संपन्न कराई गई। पंडित ओमप्रकाश जोशी एवं विपिन शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों, जयकारों और आध्यात्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम की आराधना की। साथ ही प्रवचन एवं संबोधन के माध्यम से उनके जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। सर्वप्रथम कवि महेंद्र सिंह विरदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान परशुराम पराक्रम, सत्य, योगनीति एवं धनुर्विद्या के प्रतीक थे, जिन्होंने अधर्म और अत्याचार का अंत कर समाज में धर्म की स्थापना की। जिला महामंत्री राजेश ठाकुर ने भगवान परशुराम को भगवान शिव का अनन्य भक्त बताते हुए कहा कि उनकी कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें परशु (फरसा) प्रदान किया, जिसके कारण उनका नाम परशुराम पड़ा। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और संगठन की आवश्यकता पर बल दिया। पुरुषोत्तम अग्रवाल एवं अनिल सिंघानिया ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन धर्म की परंपराएं अत्यंत व्यापक और समावेशी हैं। हमें भगवान परशुराम सहित सभी देवताओं के बताए मार्ग पर चलकर समाज में समरसता और एकता स्थापित करनी चाहिए। महंत बसंत दास वैष्णव ने भगवान परशुराम के व्यक्तित्व को अद्वितीय बताते हुए कहा कि वे ब्राह्मण होते हुए भी क्षत्रिय गुणों से युक्त थे। उन्होंने यह संदेश दिया कि जब समाज में अत्याचार बढ़े, तो उसका प्रतिकार करना ही सच्चा धर्म है। ओमप्रकाश जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्राह्मण कोई जाति नहीं बल्कि एक विचारधारा है, जो समाज को दिशा देने का कार्य करती है। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, जिन्होंने अन्याय के विरुद्ध संघर्ष कर धर्म की रक्षा की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर जयकारों और भक्ति गीतों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर गिरीश शर्मा, कमल किशोर शर्मा, ज्ञान प्रकाश जोशी, गोपाल शर्मा, सतीश जोशी, श्रवण सिंघानिया, अनिल सिंघानिया, महेंद्र सिंह विरदी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, राजेश ठाकुर, बसंत दास वैष्णव, बलदेव जोशी, राम अवतार मिश्रा, रामविलास शर्मा, शालू शर्मा, गोविंद शर्मा, शिवेंद्र, प्रवीण सिंघानिया, नंदकुमार ठाकुर, विपिन शर्मा, राकेश जोशी, रजनीश त्रिपाठी, राजेंद्र बिंदल सहित विप्र समाज एवं अग्रवाल समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमल किशोर शर्मा द्वारा किया गया।



## खबर संक्षेप

### रंजिश के चलते युवक पर हमला, गिरफ्तार



**भिलाई।** रंजिश के चलते युवक पर बैसबॉल बैट से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने आरोरी युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मिलन चौक कैम्प 2 निवासी करन चौहान ने रात को श्याम नगर महामाया मंदिर ठेठवार पारा, कैम्प 02 निवासी तरुण यादव, चंदन यादव ने रंजिश के चलते हमला कर फरार हो गया। मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। दोनों आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से एक धारदार हथियार, बेसबॉल बैट जब्त किया है।

### सुषमा छत्तीसगढ़ सिंधी एकादमी की बनी अध्यक्ष

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर से जारी आदेश के मुताबिक दुर्ग जिले के भिलाई-3 अंतर्गत बाजार चौक वार्ड-16 निवासी सुषमा जेठानी को अस्थायी रूप से उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि आगामी आदेश तक छत्तीसगढ़ सिंधी एकादमी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस आदेश को लेकर भाजपा नेताओं ने खुशी जाहिर की है।

### पत्नी के साथ अवैध संबंध की रंजिश, युवक पर किया हमला

**भिलाई।** अवैध संबंध को लेकर युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नयापारा दुर्ग निवासी परदेशी राम निर्मलकर पुलिस में शिकायत किया। जिसमें पुत्र हेमंत निर्मलकर 18 अप्रैल की रात उतई तिराहा स्थित टेम्पो स्टैण्ड के पास आरोपी ने जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से हमला किया गया। आरोपी ग्राम बोरतरा थाना गुरूर जिला बालोद, हाल निवासी मांढर जिला रायपुर निवासी अंकित सिन्हा है। आरोपी को अपनी पत्नी के संबंधो को लेकर संदेह था। इस कारण हेमंत के प्रति आरोपी रंजिश रखता था। मौका मिलते ही हेमंत पर हथियार से वार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। विवेचना के दौरान आरोपी अंकित को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने स्वीकार किया कि अवैध संबंध को लेकर उस पर हमला किया। पुलिस ने आरोपी के पास से धारदार हथियार जब्त कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

**विवाद : हाईकोर्ट के निर्देश के बावजूद बढ़ा विवाद, दोनों पक्ष आमने-सामने**

# साहू संघ चुनाव का विवाद नहीं सुलझाः साहू भवन पर कब्जे की आशंका, प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिला साहू संघ बेमेतरा के अध्यक्ष पद को लेकर शुरू हुआ विवाद अब और गहराता जा रहा है। स्थिति ऐसी बन गई है कि साहू समाज दो गुटों में बंटता नजर आ रहा है। मामला अब केवल संगठन तक सीमित नहीं रहकर पुलिस और जिला प्रशासन तक पहुंच चुका है। ताजा घटनाक्रम में साहू भवन पर जबरन कब्जे की आशंका जताई गई है, जिससे सामाजिक तनाव की स्थिति बनती दिख रही है।

- नारद साहू के निर्वाचन के बाद दो गुटो में बंटा समाज

स्वयं को वर्तमान जिला अध्यक्ष बता रहे गेंदराम साहू ने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर आशंका जताई है कि साहू भवन पर बलपूर्वक कब्जा करने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने प्रशासन से समय रहते हस्तक्षेप कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। गौरतलब है कि 9 दिसंबर 2025 को जिला साहू संघ बेमेतरा के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया गया था। इस चुनाव में गेंदराम साहू, नारद साहू, शत्रुहन सिंह साहू और प्रमोद साहू उम्मीदवार थे। मतगणना के बाद नारद साहू को विजयी घोषित किया गया, लेकिन चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही मतदाता सूची, सदस्यता और नियमों को लेकर विवाद खड़ा हो गया था।

### हाईकोर्ट पहुंचा मामला

चुनाव में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए गेंदराम साहू ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की थी। याचिका में आरोप लगाया गया कि समाज के बायलॉज की अनदेखी करते हुए मनमाने ढंग से आजीवन सदस्य बनाए गए और मतदाता सूची में गड़बड़ी की गई। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने मामले के गुण-दोष पर टिप्पणी किए बिना छत्तीसगढ़ रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं को निर्देश दिया कि वह स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करते हुए तीन माह के भीतर सभी पक्षों को सुनकर निर्णय लें। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी विवाद शांत नहीं हुआ। आरोप है कि रजिस्ट्रार फर्म्स ने मामले की जांच प्रदेश साहू संघ को सौंप दी। इसके बाद प्रदेश संगठन ने चुनाव को वैध ठहराते हुए गेंदराम साहू को नारद साहू को प्रभार सौंपने का निर्देश दिया। यहीं से विवाद ने नया मोड़ ले लिया। गेंदराम साहू का आरोप है कि जिन पदाधिकारियों के खिलाफ उन्होंने शिकायत की थी, उन्हीं को निर्णय प्रक्रिया में शामिल कर दिया गया, जिससे निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।




### निर्वाचित अध्यक्ष नारद साहू का पक्ष

*जिला साहू संघ के अध्यक्ष पद को लेकर चल रहे विवाद के बीच निर्वाचित घोषित किए गए अध्यक्ष नारद साहू ने अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए कहा है कि उनका निर्वाचन पूरी तरह वैधानिक और प्रक्रिया अनुसार संपन्न हुआ है। नारद साहू ने बताया कि चुनाव संपन्न कराने के लिए तत्कालीन जिला अध्यक्ष गैंद राम साहू द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था। आपत्ति-दावा की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अंतिम सूची जारी की गई, जिसके आधार पर उन्होंने अध्यक्ष पद हेतु नामांकन दाखिल कर चुनाव में भाग लिया। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश साहू संघ द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उन्हें विधिवत अध्यक्ष घोषित किया गया और प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। गैंद राम साहू द्वारा चुनाव की वैधता को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी, लेकिन न्यायालय ने मामले के गुण-दोष पर कोई आदेश पारित नहीं करते हुए प्रकरण को पंजीयक फर्म एवं संस्थाएं, रायपुर के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। नारद साहू के अनुसार, पंजीयक के निर्देश पर प्रदेश साहू संघ द्वारा उन्हें चार्ज दिलाने के लिए गैंद राम साहू को 3-4 बार नोटिस जारी किया गया, लेकिन उनकी अनुपस्थिति के चलते 5 अप्रैल 2026 को आदेश जारी कर 15 दिनों के भीतर निर्वाचित अध्यक्ष को चार्ज एवं दस्तावेज सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में यह भी उल्लेख है कि निर्धारित समयसीमा में पालन नहीं करने पर गैंद राम साहू की सदस्यता स्वतः समाप्त मानी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला साहू संघ, प्रदेश साहू संघ (पंजीयन क्रमांक 33/61) से संबद्ध संस्था है। संघ का भवन समाज की संपत्ति है, जो निर्वाचित अध्यक्ष के अधीन होता है और वहीं से सामाजिक गतिविधियों, बैठकों एवं अन्य कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। नारद साहू ने स्पष्ट किया कि जिला की निर्वाचित कार्यकारिणी द्वारा संघ भवन में की जा रही गतिविधियों से किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति की संभावना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि गैंद राम साहू द्वारा थाना में आवेदन देकर समाज को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है।*

### बढ़ सकता है तनाव

साहू भवन पर कब्जे की आशंका ने मामले को और संवेदनशील बना दिया है। दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच टकराव की स्थिति बनने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में पुलिस और प्रशासन के सामने शांति व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है। फिलहाल पूरे साहू समाज की नजरें रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं की जांच और अंतिम निर्णय पर टिकी हुई हैं। यदि समय रहते निष्पक्ष और स्पष्ट निर्णय नहीं आता है, तो यह विवाद और गहराने की आशंका बनी हुई है।

### गेंदराम साहू (शिकायतकर्ता)

उन्होंने कहा कि वर्तमान में वही जिला अध्यक्ष हैं और संभावित विवाद को देखते हुए पुलिस व प्रशासन को पत्र सौंपा गया है। उनका आरोप है कि चुनाव प्रक्रिया अवैधानिक तरीके से कराई गई थी, जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायालय के निर्देशों के बावजूद रजिस्ट्रार फर्म्स द्वारा प्रदेश संगठन को जिम्मेदारी सौंपना निष्पक्षता पर सवाल खड़ा करता है। आगे सामाजिक जनों की बैठक लेकर आगे का निर्णय लिया जाएगा ।

### शत्रुहन सिंह साहू (पूर्व दावेदार)

उन्होंने कहा कि चुनाव शुरू से ही विवादित रहा है। उनका आरोप है कि प्रदेश स्तर पर दोहरी नीति अपनाई गई, जिससे समाज की भावनाओं के विपरीत चुनाव कराया गया। उन्होंने बताया कि 2024 की मतदाता सूची के आधार पर चुनाव कराने का भरोसा दिया गया था, लेकिन बाद में 2025 में बनाए गए 1264 सदस्यों को शामिल कर प्रक्रिया बदल दी गई, जिससे विवाद उत्पन्न हुआ।

# एसडीओपी ने नवागढ़ थाना व संबलपुर चौकी का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अब और सख्त नजर आएगी। एसडीओपी भूषण एक्का ने थाना नवागढ़ एवं चौकी संबलपुर का प्रथम अर्धवार्षिक निरीक्षण करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि चोरी सहित अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग और कॉम्बिंग गश्त को प्रभावी बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जप्ती माल, मालखाना, जप्ती रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, शिकायत, जनरल डायरी, ड्यूटी रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट, ग्राम अपराध पुस्तिका एवं फिंगरप्रिंट रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया और उनके सुव्यवस्थित संधारण के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों-कर्मचारियों को बेहतर पुलिसिंग के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

- पेट्रोलिंग, कॉम्बिंग गश्त और सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

एसडीओपी ने निर्देशित किया कि वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पत्रों का समय पर निराकरण किया जाए और सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। ड्यूटी के दौरान स्वच्छ वर्दी, ई-साक्ष्य का उपयोग तथा विशेष रूप से महिला फरियादियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखने पर भी जोर दिया गया। बीट प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर नागरिकों से संवाद स्थापित करने, अवैध गतिविधियों की जानकारी जुटाने तथा निगरानी बदमाशों पर सतत नजर रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बीट प्रणाली को मजबूत करने से सूचना तंत्र सुदृढ़ होगा और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा एवं नशीली दवाओं के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए एसडीओपी ने लंबित अपराध, मर्ग, गुमशुदगी एवं शिकायतों के शीघ्र निराकरण तथा लंबित वारंटों की तामील सुनिश्चित करने पर बल दिया। समयबद्ध मामलों में 60 से 90 दिनों के भीतर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने, तलाशी एवं जब्ती के दौरान फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी अनिवार्य करने तथा नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा विजिबल पुलिसिंग बढ़ाने, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, गोवंश तस्करी पर कार्रवाई, साइबर प्रहरी अभियान, "त्रिनयन एप" एवं "सशक्त एप" के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। एसडीओपी ने भीड़भाड़ वाले स्थानों में नियमित चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और "हमर पुलिस हमर गांव/बाजार" अभियान के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान थाना एवं चौकी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



# जिला शिक्षा अधिकारी ने ली अहम बैठक, 30 अप्रैल तक परीक्षा परिणाम घोषित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी ने नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सभी संकुल प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, रिकॉर्ड संधारण और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाए। जिन छात्रों के प्रमाण पत्र लंबित हैं, उनकी सूची तैयार कर शीघ्र प्रस्ताव भेजने को कहा गया। उन्होंने 100% प्रमाण पत्र निर्माण सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में स्कूलों की साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था और समग्र वातावरण को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। अलमारियों के ऊपर अनावश्यक सामग्री न रखने तथा छुट्टियों के रिकॉर्ड को व्यवस्थित फाइल में रखने को कहा गया।

**सुशासन त्यौहार में उपस्थिति अनिवार्यः** 1 मई से 10 जून तक आयोजित होने वाले "सुशासन त्यौहार" को लेकर विशेष तैयारी के निर्देश दिए गए। प्रत्येक संकुल में आयोजित कार्यक्रम के दिन सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी। साथ ही संकुल की संक्षिप्त रिपोर्ट (3-4 पृष्ठ) तैयार कर 30 अप्रैल तक जमा करने को कहा गया। शैक्षणिक सत्र के समापन को ध्यान में रखते हुए सभी संकुल प्राचार्यों और समन्वयकों को निर्देशित किया गया कि हर हाल में 30 अप्रैल तक स्थानीय परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जाएं। साथ ही वर्गवार, जातिवार एवं विषयवार परिणामों का विवरण भी प्रस्तुत करना होगा। प्राचार्यों को नियमित मॉनिटरिंग बढ़ाने और दाखिला पंजी सहित सभी रजिस्टरों का अद्यतन अवलोकन करने के निर्देश दिए गए। कैश बुक, सर्विस बुक एवं अन्य अभिलेखों का नियमित संधारण अनिवार्य बताया गया। साथ ही खरीदी गई सामग्रियों का भौतिक सत्यापन करने और जनगणना कार्यों में अपडेट रहने के निर्देश भी दिए गए।

**समग्र शिक्षा और प्रशिक्षण पर जोरः** समग्र शिक्षा से जुड़े सभी रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने तथा पोर्टल पर अनिवार्य रजिस्ट्रेशन करने को कहा गया। शिक्षक एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण और सेवा पुस्तिका संधारण में लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी गई। बैठक में इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा) नकुल प्रसाद पनागर, एमआईएस प्रशासक खिरामन लाल वर्मा, बीईओ बेमेतरा कामिनी महिलांग, बीईओ साजा नीलेश कुमार चंद्रवंशी, एबीईओ बेरला अधेश कुमार उइके, एबीईओ नवागढ़ हितेंद्र बंजारे सहित जिले के सभी संकुल प्राचार्य एवं समन्वयक उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन सट्टा संचालन करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना वैशाली नगर पुलिस थाना क्षेत्र की है। मुखबिर की सूचना पर जवाहर नगर पुलिया के पास कल्याण, राजधानी नामक सट्टा गेम में अंकों पर रुपये का दांव लगाया जा रहा था। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दीपनगर निवासी संजय कुमार प्रसाद उर्फ पंडित को पकड़ा। आरोपी अपने मोबाइल फोन से सट्टा संचालन करना और अन्य व्यक्तियों से संपर्क कर लेनदेन करना स्वीकार किया है। पुलिस ने मोबाइल फोन, 17 हजार नगद राशि, सट्टा से जुड़े डिजिटल साक्ष्य,मोबाइल जब्त किया गया। कुल 46 हजार रुपए का सामान मिला है।

## कृषि व्यापारियों का बड़ा ऐलानः 27 अप्रैल को बेमेतरा जिला रहेगा बंद, अनिश्चितकालीन आंदोलन को समर्थन

**बेमेतरा।** कृषि आदान (एग्री इनपुट) व्यापार से जुड़े व्यापारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 27 अप्रैल 2026 को जिलेभर में एक दिवसीय सांकेतिक बंद का ऐलान किया है। बेमेतरा जिला कृषि व्यापारी संघ द्वारा लिया गया यह निर्णय महाराष्ट्र में 27 अप्रैल से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन बंद के समर्थन में किया गया है। संघ के अध्यक्ष सिद्दीक खान ने बताया कि कृषि इनपुट व्यवसाय से जुड़े व्यापारी लंबे समय से गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन शासन- प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने कहा, "यूरिया और डीएपी जैसे उर्वरकों के साथ जबरन अन्य उत्पादों की टैगिंग, अत्यंत कम डीलर मार्जिन और जटिल कानूनी प्रावधानों ने व्यापार को कठिन बना दिया है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र के व्यापारिक संगठनों द्वारा शुरू किए जा रहे अनिश्चितकालीन बंद को समर्थन देते हुए छत्तीसगढ़ में भी एकजुटता दिखाई जा रही है। इसी कड़ी में बेमेतरा जिले के सभी कृषि व्यापारी 27 अप्रैल को अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। संघ अध्यक्ष के अनुसार व्यापारियों की प्रमुख मांगों में उर्वरकों पर डीलर मार्जिन बढ़ाना, जबरन टैगिंग पर रोक,



'एफ.ओ.आर' आधार पर उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करना, तथा कीटनाशक और बीज कानूनों में संशोधन कर विक्रेताओं को कानूनी सुरक्षा प्रदान करना शामिल है। साथ ही 'साथी पोर्टल' की अनिवार्यता को केवल निर्माता कंपनियों तक सीमित करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई है।

संघ अध्यक्ष सिद्दीक खान ने बताया कि बंद के दिन जिलेभर के व्यापारी एकत्र होकर जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन के माध्यम से सभी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की जाएगी। बंद को सफल बनाने के लिए 22 अप्रैल से जिलेभर में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर व्यापारियों से समर्थन की अपील करेगा। संघ अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यह सांकेतिक बंद व्यापारियों की पीड़ा को सामने लाने का प्रयास है। यदि इसके बाद भी सरकार द्वारा सकारात्मक पहल नहीं की गई, तो आने वाले समय में आंदोलन को और अधिक तीव्र किया जाएगा।

## 2-2 फेरे में चलेगी स्पेशल ट्रेन

**भिलाई।** रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए कंफर्म बर्थ की व्यवस्था ट्रेनों में किया है। ग्रीष्म काल के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये सुगम और कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। उधना-सांतरागाछी-उधना के मध्य 2-2 फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। ट्रेन 09053 उधना-सांतरागाछी स्पेशल ट्रेन का परिचालन उधना से 20- 25 अप्रैल को किया जाएगा। ट्रेन 09054 सांतरागाछी-उधना स्पेशल ट्रेन का परिचालन सांतरागाछी से 22 - 27 अप्रैल को किया जाएगा। ट्रेन का वाणिज्य ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर स्टेशनों में दिया गया है। ट्रेन 09053 उधना-सांतरागाछी स्पेशल ट्रेन, उधना से 20 - 25 अप्रैल को 11.25 बजे रवाना होगी। मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन गोंदिया आगमन 02.30 बजे, प्रस्थान 02.35 बजे, दुर्ग आगमन 05.03 बजे, प्रस्थान 05.08 बजे, रायपुर आगमन 05.43 बजे, प्रस्थान 05.48 बजे, बिलासपुर आगमन 07.30 बजे, प्रस्थान 07.40 बजे होते हुये 21.00 बजे सांतरागाछी स्टेशन पहुंचेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

चेहरे की चर्बी घटायें
चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
छत्तीसगढ़ की एकमात्र "O-Arm with Artificial Intelligence Navigation Machine"
• ओ-आर्म असिस्टेड मिनिमल इनवेसिव स्पाइन सर्जरी
• स्कोलियोसिस सर्जरी • माइक्रो एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी • T-LIF सर्जरी
• सर्वाइकल एवं क्रैनियोवर्टेब्रल स्पाइन सर्जरी • स्पाइनल कैंसर एवं ट्यूमर
स्पाईन केयर क्लिनिक
डॉ. मनीन्द्र भूषण
MS, DNB (Ortho), FNB (Spine Surgery)
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कारपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. संदेश अग्रवाल
MS (Ortho), FISS FMISS Robotic and Minimally Invasive Spine Surgeon
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल
मिनिमल इनवेसिव, लैप्रोस्कोपिक व रोबोटिक कैंसर सर्जरी हेतु कुशल टीम
डॉ. युसूफ मेमन
डायरेक्टर, कैंसर सर्जन, MS, FSOG, FIAGES, FMAS
डॉ. अर्पण चतुरमोहता
MS, MCH, FIAGES HOD, सर्जिकल डायरेक्टर, कैंसर सर्जन
डॉ. मौ रॉय
MBBS, MS, MCh, क्लिनिकल डायरेक्टर,कैंसर सर्जन
डॉ. विवेक पटेल
MBBS, MS, MCh कैंसर सर्जन
डॉ. कल्याण पांडेय
MBBS, MS, MCh, कैंसर सर्जन
डॉ. विकास अग्रवाल
MBBS, DINBN, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS, कैंसर सर्जन
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, छ.ग., +91 7389905010, 04010